दैनिक भास्कर 10/03/24

# छात्रों ने रद्दी से रचनात्मक मॉडल बनाए

**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में छात्रों के लिए बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट पर व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र किया गया। सभी विभागों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। छात्रों को अपशिष्ट पदार्थों के उपयोग के बारे में जागरूक करने के लिए ये गतिविधि करवाई गई। राजू राय ने समाचार पत्रों, रद्दी कागज़ों आदि जैसे विभिन्न अपशिष्ट पदार्थों से रचनात्मक और अभिनव मॉडल और कला वस्तुएं तैयार किए। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त व आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. शिखा जग्गी ने कहा कि चीजों का पुर्नचक्रण जादू की तरह है जो सामान्य चीज़ों को असाधारण बना देता है।